# अनारक्षित वर्ग से नियुक्ति के मामले में याचिका खारिज

**आरक्षण का फायदा लेने पर नहीं मान सकते अनारक्षित उम्मीदवार**

**जबलपुर, 16 दिसंबर. हाईकोर्ट ने अपने अहम आदेश में कहा है कि नियुक्ति प्रक्रिया के प्रथम चरण में आरक्षण का लाभ लेने के बाद उम्मीदवार को अनारक्षित वर्ग का नहीं माना जा सकता है.**

भले ही उम्मीदवार के कट ऑफ मार्क्स अनारक्षित वर्ग से अधिक है. पहले दौर में जिस कोटे के तहत आरक्षण प्राप्त किया है, उन्हें उसी वर्ग का माना जायेगा. हाईकोर्ट जस्टिस दीपक खोत ने उक्त आदेश के साथ दायर तीनों याचिकाओं को खारिज कर दिया. याचिकाकर्ता सना खान, प्रियंका पटेल व नमामि दीक्षित की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा



गया था कि उन्होने पुलिस कांस्टेबल रिक्रूटमेंट टेस्ट-2023 के लिए आवेदन किया था. परीक्षा का आयोजन दो चरण में किया गया था. दोनों चरण की परीक्षा के बाद अनारक्षित वर्ग का कट ऑफ मार्क्स 143.53 निर्धारित किये गये. उन्हें अनारक्षित वर्ग से अधिक कट ऑफ मार्क्स प्राप्त हुए थे. इसके बावजूद भी उन्हें अनारक्षित वर्ग से नियुक्ति प्रदान की गयी.

## सरकार को जवाब के लिए मोहलत

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में है. दरअसल हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में आरोप है कि 102 शासकीय स्कूल शिक्षक विहीन है, जबकि 499 स्कूलों में सिर्फ एक या दो ही शिक्षक पदस्थ है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने पिछली सुनवाई पर अनावेदकों को नोटिस जारी किये थे. मामले में मंगलवार को सुनवाई दौरान शासन की ओर से जवाब के लिये समय की राहत चाही गई. जिस पर न्यायालय ने चार सप्ताह की मोहलत प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को निर्धारित की है.

## लोकायुक्त ट्रैप के मामले में आरोपी को सजा

**इंदौर.** करीब आठ साल पुराने लोकायुक्त ट्रैप के एक मामले में आखिरकार न्यायिक मुहर लग गई. ग्राम पंचायत में मजदूरी भुगतान के बदले रिश्वत मांगने के प्रकरण में विशेष अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए सख्त सजा सुनाई है. अदालत के फैसले के साथ ही यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है. लोकायुक्त पुलिस की अधिकृत जानकारी के अनुसार मामला अपराध क्रमांक 148/2017 से जुड़ा है, जिसमें संजय पाटीदार, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत समराज, तहसील महेश्वर, जिला खरगोन को आरोपी बनाया गया था. शिकायतकर्ता चैन सिंह, जो वर्ष 2012-13 में ग्राम सांगवी के उपसरपंच थे, ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत के अनुसार कपिलधारा योजना के तहत कराए गए निर्माण कार्य में मजदूरों की मजदूरी का भुगतान मास्टर रोल की ऑनलाइन डाटा एंट्री नहीं होने के कारण अटक गया था. मजदूरों की शिकायत पर जब उपसरपंच ने रोजगार सहायक संजय पाटीदार से बात की, तो आरोपी ने डाटा एंट्री कराने के एवज में 6 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की. मामले की शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय इंदौर में की गई थी, जिसके सत्यापन के दौरान शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद 27 जुलाई 2017 को लोकायुक्त टीम ने आरोपी को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया था.

# विधायक के बेटे ने खजराना मंदिर में तोड़े नियम

- **मंदिर में अंजनेश व उनकी पत्नी ने एक-दूसरे को माला पहनाई**



**इंदौर, 16 दिसंबर. धार्मिक आस्था के नाम पर बनाए गए नियम जब ताक पर रखे जाएं और आम श्रद्धालु बाहर लाइन में खड़े रहें, तो सवाल उठना लाजमी है.**

शहर के सबसे बड़े गणेश मंदिर में ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसने वीआईपी प्रोटोकॉल, सत्ता के असर और मंदिर प्रशासन की भूमिका को कटघरे में खड़ा कर दिया है. वायरल वीडियो ने बता दिया कि नियम किसके लिए हैं और किसके लिए नहीं. मामला भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के परिवार से जुड़ा है. विधायक के बड़े बेटे अंजनेश शुक्ला और उनकी पत्नी सिमरन शुक्ला का विवाह 11 दिसंबर को हुआ था. शादी के अगले दिन 12 दिसंबर को दोनों खजराना गणेश मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे. यहां कोरोना काल से लागू प्रतिबंधों के बावजूद दोनों गर्भगृह में दाखिल हुए और भगवान गणेश की प्रतिमा के सामने एक दूसरे को माला पहनाई. पूरी घटना कैमरे में कैद हुई और अब वही वीडियो विवाद की जड़ बन गया है. खास बात यह है कि खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं का प्रवेश वर्षों से बंद है. नियम स्पष्ट हैं, लेकिन सवाल यह है कि नियमों की इस दीवार में दरवाजा किसने खोला. क्या यह महज लापरवाही थी या फिर रसूख का असर? वीडियो सामने आने के बाद मंदिर प्रशासन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है.


# टैक्स में छूट के लिए सीएम से मिले सिलावट



**ग्वालियर, 16 दिसंबर.** व्यापार मेले में प्रतिवर्ष राज्य सरकार द्वारा वाहनों की खरीदी पर रोड टैक्स में 50 प्रतिशत रियायत दी जाती है. वर्ष 2025-26 में भी मेले में वाहनों की खरीदी पर रोड टैक्स में 50 प्रतिशत छूट देने का आग्रह प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर किया है. उन्होंने मेले में वाहनों पर रोड टैक्स में छूट के लिये मुख्यमंत्री को पत्र दिया. सिलावट ने मुख्यमंत्री से भेंट कर आग्रह किया है कि ग्वालियर के ऐतिहासिक व्यापार मेले में वाहनों पर 50 प्रतिशत छूट का निर्णय शीघ्र लिया जाए ताकि मेला अवधि में नागरिकों को इसका लाभ मिल सके.

## राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज आयेंगे रीवा

**रीवा.** राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल 17 दिसंबर को रीवा आयेंगे. राज्यपाल श्री पटेल 17 दिसंबर को सुबह 10.45 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेगे. इसके बाद राज्यपाल एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सुबह 11.50 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेगे तथा रिसर्च, इनोवेशन और इनक्यूवेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे. तदुपरांत वह दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह शामिल होंगे.



# नकली नोट गिरोह का आरोपी प्रिंटर समेत गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नकली नोटों के नेटवर्क के खिलाफ क्राइम ब्रांच की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही, जिसके तहत फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी संख्या में नकली नोट और प्रिंटिंग उपकरण जब्त किए हैं.**

अब तक इस गिरोह से बरामद नकली नोटों की राशि करीब दो लाख रुपए के आसपास पहुंच चुकी है. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर शहर में अवैध गतिविधियों में शामिल अपराधियों के खिलाफ अभियान



चलाया जा रहा है, इसी के तहत पिछले दिनों गुटकेश्वर महादेव मंदिर के पास, सदर बाजार रोड से नकली नोटों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था. पूछताछ और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने इस प्रकरण में एक और आरोपी की भूमिका पता चली थी, जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाले आरोपी अंकित बुरासी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से करीब 45 नकली 500-500 रुपए के नोट, जिनकी कीमत 22 हजार 500 रुपए बताई गई है, एक प्रिंटर और नोट छापने से संबंधित सामग्री जब्त की गई. जब्त माल की कीमत डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है.

जांच में सामने आया है कि इस गिरोह द्वारा अलग-अलग सीरीज में नकली नोट तैयार किए जा रहे थे. मामले में एडीसीपी का कहना है कि आरोपी अंकित पर पूर्व में भी एक आपराधिक प्रकरण दर्ज है. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सोशल मीडिया, विशेषकर इंस्टाग्राम पर देखी गई रील्स से प्रभावित होकर कम समय में ज्यादा पैसा कमाने के लालच में यह अपराध किया. वे सस्ते दामों पर नकली नोट खरीदकर शहर में खपाने की योजना बना रहे थे. इस प्रकरण में पहले भी ऋषिकेश तोण्डे, वंश केथवास, रितेश नागर और अकुंश यादव, सभी निवासी इंदौर, को गिरफ्तार किया जा चुका है. आरोपी अंकित के खिलाफ थाना अपराध शाखा में तहत मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस अब गिरोह के अन्य संभावित संपर्कों और नकली नोटों की सप्लाई चेन की भी गहन जांच कर रही है

## एक नजर में

### ट्रेन से लाए गए 400 डेटोनेटर और केबल बरामद

**रीवा, 16 दिसंबर.** जिले के डभौरा में पुलिस ने अवैध विस्फोटक की बड़ी खेप पकड़ी है. सोमवार रात पुलिस ने उत्तर प्रदेश से ट्रेन के जरिए विस्फोटक ला रहे एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 400 डेटोनेटर और केबल समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है. दोनों आरोपी आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं. सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया. आरोपी जैसे ही जनता एक्सप्रेस से डभौरा रेलवे स्टेशन उतरे और बाजार क्षेत्र में पहुंचे, पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोक लिया. तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद दो थैलों में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली. डेटोनेटर एक्सप्लोसिव एक्सपर्ट ने कहा कि ये बेहद खतरनाक हैं. अगर इस मात्रा में विस्फोट होता है तो चार से पांच किलोमीटर के दायरा प्रभावित होगा. पुलिस का कहना है कि जो दो लोग पकड़े गए हैं, उनका कोई पुराना आपराधिक बैकग्राउंड नहीं है. इस विस्फोटक सामग्री का उपयोग वे खनिज उत्खनन के लिए करते थे. बाद में वे ट्रैक्टर के जरिए सप्लाई करते थे. ये छोटे तस्कर हैं, इनके पीछे कोई बड़ा मास्टरमाइंड हो सकता है.

### एसडीएम पर हमला, गाड़ी को मारी टक्कर




**भिंड, 16 दिसंबर.** मिहोना बायपास पर एसडीएम की गाड़ी को रेत माफिया के ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी. एसडीएम विजय सिंह यादव अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने पहुंचे थे. इस दौरान किसी को चोट नहीं आई. एसडीएम की गाड़ी को आगे से नुकसान हुआ है. पुलिस ने मौके से रेत से भरी दो ट्रॉलियां जब्त की हैं. जानकारी के मुताबिक लहार एसडीएम विजय सिंह यादव को अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली थी. वे सुबह करीब 10.30 बजे मिहोना बायपास पहुंचे. वहां रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली बिना रॉयल्टी और ओवरलोड मिलीं. एसडीएम ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो एक ड्राइवर ने कार्रवाई से बचने के लिए जानबूझकर एसडीएम की गाड़ी में ट्रैक्टर घुसा दिया. टक्कर से अफसर की गाड़ी को नुकसान पहुंचा है. घटना के बाद एसडीएम ने फौरन मिहोना थाना प्रभारी को फोन कर फोर्स बुलवाई. पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने घेराबंदी कर दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया और थाने में खड़ा करवाया. पुलिस ने ड्राइवरों के खिलाफ अवैध रेत परिवहन, ओवरलोडिंग और शासकीय वाहन को क्षतिग्रस्त करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है. एसडीएम विजय सिंह यादव ने कहा कि अवैध रेत परिवहन में लगे वाहन तेज गति और ओवरलोड के कारण आमजन की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बने हुए हैं. ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही या दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

# सुपारी किलर शूटर सहित तीन गिरफ्तार

**हत्या करने के पहले ही साजिश को किया विफल**

**पन्ना, 16 दिसंबर. एसपी पन्ना निवेदिता नायडू के दिशा निर्देशन मे गुनौर पुलिस ने सुपारी लेकर हत्यार करने आये तीन आरोपियों को घटना कारित करने के पूर्व ही गिरफ्तार कर हत्या की घटना को विफल कर दिया.**

एसपी पन्ना निवेदिता नायडू ने प्रेस कान्फ्रेंस मे बताया कि दिनांक 15 दिसंबर को थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा गुनौर स्थित विद्युत कार्यालय के पास कुछ संदेही व्यक्ति एक बुलेरो वाहन में बैठे हैं, जो कस्बा के एक व्यक्ति की हत्या की साजिश रच रहे हैं तथा उनके पास अवैध हथियार भी मौजूद हैं. पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर एक बिना नम्बर की बुलेरो कार में 03 संदेही व्यक्तियों इद्दी उर्फ इदरीश उम्र 40 वर्ष, निवासी कटरा मोहल्ला, पन्ना, मुकेश सिंह चंदेल पिता सियाराम सिंह चंदेल, उम्र 35 वर्ष, निवासी पटनाकला, थाना गुनौर, छोटू उर्फ इतेन्द्र सिंह चंदेल पिता महिपाल सिंह चंदेल, उम्र 22 वर्ष, निवासी पटनाकला, थाना गुनौर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ एवं तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल 03 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 कार बरामद किये गये. वहीं चौथा आरोपी महिपाल सिंह चन्देल निवासी पटनाकला, थाना गुनौर फरार है.

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि पुरानी बुराई को लेकर हम लोग कस्बा निवासी भूरा चंदेल की हत्या करने की योजना से एकत्रित हुए थे. आरोपियों के बताये अनुसार यह तथ्य सामने आया कि हत्या के लिये मामले में महिपाल सिंह चन्देल द्वारा 50 हजार रूपये की सुपारी तय की गई थी, जो मुकेश सिंह चंदेल के माध्यम से इद्दी उर्फ इदरीश को 5 हजार रूपये एडवांस दिये जा चुके थे. आरोपियों द्वारा विद्युत कार्यालय के पीछे बैठकर पूरी प्लानिंग की गई थी. पुलिस की त्वरित एवं सतर्क कार्यवाही से यह जघन्य अपराध घटित होने से पूर्व ही विफल हो गया.



## श्योपुर में आशा कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**श्योपुर.** आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन किया. वे अपने लंबित मानदेय, प्रोत्साहन राशि और कुष्ठ रोग सर्वे और एलटीटी भुगतान की मांग को लेकर पहुंची थीं. कार्यकर्ता जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने पहुंचीं. आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें अगस्त 2025 से मासिक मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है.

## लाबरिया से बरमंडल मार्ग हो रहा बदहाल

**लाबरिया/धार.** दो दशक पुर्व लाबरिया से दसाई 23 किमी सडक् को प्रधानमंत्री सडक् योजना मे बनाकर क्षेत्र के लोगो को राहत दी गई थी. जो उस समय जिले की सबसे बडी प्रधानमंत्री सडक थी. लेकिन पिछले 6 वर्ष मे 23 किमी इस सडक् को तीन भागो मे बांट दिया गया दो भाग पीडब्ल्यूडी विभाग एंव एक भाग प्रधानमंत्री सडक के पास है. बरमंडल से लाबरिया तक 6 किमी सडक को पीडब्ल्यूडी विभाग को सौपा गया है. जो वर्तमान मे सिंगल पट्टी सडक है. इस रोड के आगे बरमंडल से बरखेडा तक टुलेन, बरखेडा से शेरगढ तक सिंगल पटटी सडक एंव शेरगढ से बिडवाल, ओसार मौसार होते फोरलेन तक टुलेन सडक बन चुकी है.

# करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह पकड़ाया

- **ऑनलाइन गेमिंग ऐप से करते थे धोखाधड़ी, 11 गिरफ्तार**

**देवास, 16 दिसंबर. जिले में ऑनलाइन गेमिंग और सट्टा ऐप्स के माध्यम से युवाओं से संगठित रूप से ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है.**

देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर मामले की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि ऑपरेशन साइबर के तहत हाटपीपल्या थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा आरोपियों के कब्जे से 50 हजार रुपये का मश्रुका जब्त किया गया है. एसपी पुनीत गेहलोद के अनुसार, गिरफ्तार किए गए



आरोपियों में अधिकांश हाटपीपल्या क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि कुछ आरोपी धार एवं खंडवा जिले से जुड़े हुए हैं. गिरोह के सदस्य ऑनलाइन गेमिंग और सट्टा ऐप्स के माध्यम से युवाओं को अधिक मुनाफे का लालच देकर फंसाते थे और सुनियोजित तरीके से ठगी को अंजाम देते थे. पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ऑनलाइन वेबसाइट्स के जरिए 24 घंटे सट्टा संचालन कर रहे थे. युवाओं से पहले बैंक खातों में रकम जमा करवाई जाती थी, इसके बाद उन्हें गेमिंग आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराए जाते थे.

# एसपी ने सड़क पर लगाई चौपाल लोगों से किया सीधा संवाद

**शिवपुरी, 16 दिसंबर. शिवपुरी के एसपी अमन सिंह राठौड़ ने शहर में पैदल भ्रमण किया और कानून व्यवस्था का जायजा लिया.**

इस दौरान उन्होंने आमजन, छात्रों, और रेहड़ी-पटरी वालों से सीधा संवाद किया. एसपी राठौड़ ने शहर के मुख्य चौराहों और बाजारों में पुलिस बल की उपस्थिति बनाए रखने के लिए थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके. अपने भ्रमण के दौरान, एसपी राठौड़ सबसे पहले पोलो ग्राउंड के पास स्टॉल लगाकर सिम बेचने वाले विक्रेताओं से मिले.



उन्होंने सिम आवंटन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली और स्पष्ट हिदायत दी कि बिना डॉक्यूमेंट या फर्जी डॉक्यूमेंट पर सिम बेचे जाने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. एसपी राठौड़ अपने साथ चल रहे फोर्स और थाना प्रभारियों के साथ वीर सावरकर पार्क पहुंचे. उन्होंने वहां घूमने आए लोगों से कानून व्यवस्था के बारे में चर्चा की.

**निरीक्षण** ▶ भाजपा संगठन व जनप्रतिनिधियों ने किया निर्माण कार्यों का अवलोकन

# अंतिम चरण में पशुपतिनाथ लोक का निर्माण

**मंदसौर, 16 दिसंबर. प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को भव्य स्वरूप प्रदान करने का क्रम लगातार जारी है.**

उज्जैन में श्री महाकाल लोक के सफल निर्माण के पश्चात अब मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ लोक का निर्माण कार्य लगभग अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है. शीघ्र ही इस भव्य पशुपतिनाथ लोक का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किए जाने की संभावना है. इसी क्रम में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल



सिंह सिसौदिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा संगठन के जिला एवं मंडल पदाधिकारीगण तथा पार्षदों ने निर्माणाधीन भव्य पशुपतिनाथ लोक का अवलोकन किया.

इस दौरान उपस्थित इंजीनियर एवं ठेकेदारों से निर्माण कार्यों की प्रगति तथा श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गई. साथ ही निर्माण कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया गया, ताकि शीघ्र ही मंदसौर जिले सहित देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भव्य पशुपतिनाथ लोक के दर्शन का लाभ मिल सके. अवलोकन के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, सुषमा आर्य उपस्थित रहे.

## खाद टोकन के लिए भी लग रही लम्बी लाइन

**रतलाम.** जिला प्रशासन ने किसानों की खाद वितरण के लिए नई व्यवस्था लागू कर टोकन देने शुरू किया हैं. लेकिन खाद वितरण की यह नई व्यवस्था भी किसानों के लिए मुसीबत बन गई है. इस दौरान अव्यवस्था के चलते कुछ किसानों ने धरना भी दिया. साथ ही आरोप लगाया कि पानी सहित अन्य व्यववस्था नहीं हैं. मंगलवार से तहसील कार्यालय से टोकन बंटने थे, जिसके लिए किसान सुबह से ही लाइन में लग गए। दोपहर 2 बजे टोकन मिलने थे, लेकिन अव्यवस्था और देरी ने किसानों का गुस्सा भड़का दिया। अब किसानों को खाद के लिए दो बार परेशान होना पड़ रहा है. मंगलवार को टोकन के लिए किसान लाइन में लगे है.

# 7 मातृशक्तियां देंगीं संगठन को मजबूती

- **महानगर के लिए भाजपा की कार्यकारिणी घोषित**
- **पुराने अनुभवी चेहरों के साथ युवाओं को दी प्राथमिकता**

**जबलपुर. तमाम अटकलों के बाद आखिरकार भाजपा की कार्यकारिणी मंगलवार देर शाम को जारी कर दी गई है. भारतीय जनता पार्टी ने जबलपुर महानगर के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है.**

नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सहमति से 29 सदस्यीय पदाधिकारियों की सूची जारी की है. इस नई टीम में पुराने अनुभवी चेहरों के साथ-साथ युवाओं को भी प्राथमिकता दी गई है. वहीं सामाजिक पहलु को भी ध्यान में रखा गया है. जारी सूची के हिसाब से संगठन को मजबूती देने के लिए कुल 8 उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं. इनमें अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, रजनीश यादव, योगेन्द्र राजपूत, प्रणीत वर्मा, अंजू भार्गव और तृष्णा चटर्जी के नाम शामिल हैं. वहीं कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष योगेश बिलोहा, मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू, सह मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, चित्रकांत शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, सह प्रभारी मीना मरकाम, आई.टी. प्रभारी अमित जैन, सह प्रभारी दिव्या बाजपेई, राजेश मिश्रा को कार्यालय मंत्री बनाया गया है, जबकि कमलेश नामदेव और कुसुम चौबे को सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है.

जबलपुर महानगर में संगठन की कमान संभालने के लिए पंकज दुबे और रंजीत पटेल को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है. वहीं, जिला मंत्रियों की सूची में अशोक रोहिताश, पंकज मिश्रा, संकल्प पाठक, कौशल सूरी, रीना राय, विभा उपाध्याय और मनीष जैन कल्लू को जगह मिली है. जिला अध्यक्ष, भाजपा रत्नेश सोनकर ने बताया कि भाजपा नई कार्यकारिणी में 7 मातृशक्तियों के साथ अनुभवी व युवाओं चेहरों को मौका दिया गया है जिससे संगठन और मजबूत हो सके.